Daily Current Affairs 25 May 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 23 मई को मनाया गया 'विश्व कछुआ दिवस'
• प्रत्येक वर्ष 23 मई को 'विश्व कछुआ दिवस' (World Turtle Day) मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम Shellebrate Asks Everyone to Love and save Trutles है। इस दिवस का उद्देश्य कछुओं एवं उनके आवास के बारे में लोगों को जागरूक करना है।
• वर्ष 2000 के बाद से प्रत्येक वर्ष एक गैर-लाभकारी संगठन 'अमेरिकन टारटाईज़ रेसक्यु' (American Tortoise Rescue- ATR) विश्व कछुआ दिवस के उत्सव को आयोजित करता है। ATR को वर्ष 1990 में स्थापित किया गया था। इस वर्ष विश्व कछुआ दिवस की 22वीं वर्षगाँठ है।

2. विनय कुमार सक्सेना बने दिल्ली के नए उपराज्यपाल
• 23 मई, 2022 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अनिल बैजल का इस्तीफा स्वीकार करते हुए विनय कुमार सक्सेना को दिल्ली का 22वाँ उप राज्यपाल नियुक्त किया है। 18 मई को निजी कारणों का हवाला देते हुए अनिल बैजल ने दिल्ली के उप-राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था।

3. उत्तर प्रदेश ने लॉन्च किया 'संभव'
• पोर्टलहाल ही में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने उत्तर प्रदेश में दो विभागों के सार्वजनिक शिकायतों और निगरानी कार्यक्रमों और योजनाओं के निपटान के लिए 'संभव (सिस्टमिक एडमिनिस्ट्रेशन मैकेनिज्म फॉर ब्रिंगिंग हैप्पीनेस एंड वैल्यू) पोर्टल' लॉन्च किया है।

4. मैनचिस्टर सिटी ने छठी बार जीती इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल चैंपियनशिप
• 22 मई, 2022 को मैनचिस्टर सिटी ने फुटबॉल की '2021-22 के इंग्लिश प्रीमियर लीग (EPL)' का खिताब जीत लिया है। अपने आखिरी लीग मैच में मैनचिस्टर सिटी ने एस्टन विला को 3-2 से मात दी है।
• एस्टन विला पर जीत के साथ ही पेप गार्डियोला की टीम ने लिवरपूल को एक प्वाइंट से पीछे छोड़कर खिताब पर कब्जा जमा लिया है। मैनचेस्टर सिटी ने लगातार दूसरे सीजन ईपीएल का खिताब जीता है।

5. अमेरिका के राष्ट्रपति ने 'हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा' का किया शुभारंभ
• 23 मई, 2022 को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने समृद्धि के लिये 'हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा' (IPEF) पहल की शुरुआत की। वर्तमान में इसमें अमेरिका सहित 13 देश- भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, कोरिया, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपिंस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

6. मेघालय में खोजी गई एक नए ज़हरीले साँप की प्रजाति • हाल ही में मेघालय के री-भोई ज़िले के उमरोई मिलिट्री स्टेशन में त्रिमेरेसुरुस्माया या माया पिट वाइपर नाम के एक नए ज़हरीले हरे साँप की

प्रजाति देखी गई है। इस साँप का नामकरण अध्ययन में शामिल एक सेना अधिकारी की माता के नाम माया पिट वाइपर पर रखा गया है।

7. जम्मू-कश्मीर के डोडा ज़िले में आज शुरू होगा लैवेंडर फेस्टिवल
• 25 और 26 मई, 2022 को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद- भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (CSIR-IIIM) द्वारा 'लैवेंडर फेस्टिवल' का आयोजन जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह (डोडा ज़िले) में किया जाएगा। इस अवसर पर लैवेंडर की खेती करने वाले किसानों और संबंधित स्टार्ट-अप्स को सम्मानित किया जाएगा। इस उत्सव का मक़सद लैवेंडर को बढ़ावा देना है।

8. केंद्र सरकर ने किया अंतर्राज्यीय परिषद् का पुनर्गठन, अमित शाह होंगे स्थायी समिति के अध्यक्ष
• हाल ही में देश में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए काम करने वाली अंतर्राज्यीय परिषद् का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अध्यक्ष और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा 06 केंद्रीय मंत्री सदस्य हैं। 10 केंद्रीय मंत्री अंतरराज्यीय परिषद में स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे।

9. आशा कार्यकर्ताओं को मिला WHO की ओर से ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड
• 22 मई, 2022 को भारत की 10 लाख आशा स्वयंसेवियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की ओर से सम्मानित किया गया। उन्हें डब्ल्यूएचओ महानिदेशक के ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड से नवाजा गया। इस छठे ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड की घोषणा WHO के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्येयियस ने की।

10. भारतीय रेलवे और IIT मद्रास ने भारत का पहला स्वदेशी हाइपरलूप विकसित करने के लिए साझेदारी की
• भारतीय रेलवे एक स्वदेशी हाइपरलूप प्रणाली विकसित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IIT मद्रास) के साथ सहयोग करेगा। रेल मंत्रालय IIT मद्रास में हाइपरलूप टेक्नोलॉजीज के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में भी मदद करेगा।
• इस केंद्र का निर्माण IIT मद्रास द्वारा अपने मौजूदा रेलवे अनुसंधान केंद्र (CRR) के माध्यम से किया जाएगा। यह परियोजना 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।